# करंट अफेयर्स

## (January – 1st Week)

**Q.1 : कौन व्यक्ति हाल ही में, विस्तारा एयरलाइन के नए CEO बने है?**

**Right Ans : विनोद कन्नन**

Date : (January 4, 2022)

**Details :** हाल ही में, विनोद कन्नन (Vinod Kannan) ने विस्तारा एयरलाइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (CEO) का पदभार संभाला है। पाठकों को बता दे की कन्नन ने इस पद पर "लेस्ली थंग" का स्थान लिया है। जो 16 जुलाई, 2017 से 31 दिसंबर, 2021 तक कंपनी के सीईओ रहे थे। इसके ...Read More

**Q.2 : प्रतिवर्ष 'विश्व ब्रेल दिवस' जनवरी महीने की किस तारीख को मनाया जाता है?**

**Right Ans : 04 तारीख को**

Date : (January 4, 2022)

**Details :** हाल ही में, 04 जनवरी 2022 को दुनियाभर में विश्व ब्रेल दिवस (World Braille Day 2022) मनाया गया है। पाठकों को बता दे की इस दिवस को 04 जनवरी को इसलिए मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन ही लुइस ब्रेल (Louis Braille) का जन्म हुआ था। लुइस ब्रेल ने ही ...Read More

EduRelation

**Q.3 : हाल ही में, इनमे से कौनसी भारत की पहली कागज रहित (Paperless) अदालत बनी है?**

**Right Ans : केरल हाईकोर्ट**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, केरल हाईकोर्ट भारत की पहली कागज रहित (First Paperless High Court) अदालत बन गई है। उम्मीद है की ई-फाइलिंग और कागज रहित अदालतें न्याय के विकेंद्रीकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। फ़िलहाल यहाँ पहले चरण में चीफ जस्टिस समेत 6 कोर्ट रूम को स्मार्ट ...Read More

**Q.4 : हाल ही में, कौन भारत का पहला LPG युक्त और धुआंमुक्त राज्य बना है?**

**Right Ans : हिमाचल प्रदेश**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, केंद्र सरकार की उज्ज्वला और प्रदेश सरकार की गृहिणी सुविधा योजना की बदौलत हिमाचल प्रदेश भारत का पहला एलपीजी युक्त और धुआं मुक्त राज्य बना है। जानकारी के लिए बता दे की इससे पहले केंद्र सरकार ने लकड़ी से चूल्हा जलाते समय धुएं से होने वाली गंभीर ...Read More

EduRelation

**Q.5 : हाल ही में, किस देश से सम्बन्धित खिलाड़ी 'मोहम्मद हफीज' ने इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास लिया है?**

**Right Ans : पाकिस्तान**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, पाकिस्तान क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान रहे 'मोहम्मद हफीज (Mohammad Hafeez)' ने इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है।

पाठकों को बता दे की हफीज ने अप्रैल 2003 में जिम्बाब्वे के खिलाफ वनडे मुकाबले से अपने इंटरनेशनल क्रिकेट की शुरुआत की थी। इसके ...Read More

**Q.6 : हाल ही में, 03 जनवरी 2022 को भारत की पहली महिला शिक्षक "सावित्रीबाई फुले" की कौनसी जयंती मनाई गयी है?**

**Right Ans : 191वीं**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, 03 जनवरी 2022 को देशभर में भारत की पहली महिला शिक्षक सावित्रीबाई फुले (Savitribai Phule) की 191वीं जयंती मनाई गयी है। सावित्रीबाई का जन्मर 03 जनवरी 1831 को महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में एक दलित परिवार में हुआ। जानकारी के लिए सावित्रीबाई फुले शिक्षक होने ...Read More

**Q.7 : किस क्रिकेट टीम ने हाल ही में, U19 Asia Cup 2021 का ख़िताब जीता है?**

**Right Ans : भारत**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, यश धुल की कप्तानी वाली भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम ने श्रीलंका को मात देकर खिताब अपने नाम कर लिया है। पाठकों को बता दे की यहाँ भारतीय टीम ने आठवीं बार अंडर19 एशिया कप (U19 Asia Cup 2021) का खिताब अपने नाम किया है। साल 2018 ...Read More

**Q.8 : कौन व्यक्ति हाल ही में, भारतीय तटरक्षक बल (ICG) के 24वें महानिदेशक बने है?**

**Right Ans : वीएस पठानिया**

Date : (January 3, 2022)

EduRelation

**Details :** हाल ही में, चॉपर पायलट वीरेंद्र सिंह पठानिया (VS Pathania) को भारतीय तट रक्षक (Indian Coast Guard) का नया महानिदेशक नियुक्त किया गया है। पाठकों को बता दे की पठानिया ने यहाँ कृष्णास्वामी नटराजन (Krishnaswamy Natarajan) की जगह ली है। यह भी ध्यान रहे की पठानिया फोर्स के पहले चॉपर ...Read More

**Q.9 : कौन व्यक्ति हाल ही में, रेलवे बोर्ड के नए चेयरमैन और CEO के रूप में नियुक्त किए गए है?**

**Right Ans : वीके त्रिपाठी**

Date : (January 3, 2022)

**Details :** हाल ही में, उत्तर पूर्व रेलवे के जनरल मैनेजर विनय कुमार त्रिपाठी (Vinay Kumar Tripathi) को रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी (CEO) के पद पर नियुक्त किया गया है। जानकारी के लिए बता दे की त्रिपाठी ने यहाँ रेलवे बोर्ड के चेयरमैन रहे "सुनीत शर्मा" का स्थान ...Read More

EduRelation

**Q.10 : हाल ही में, किस देश से सम्बन्धित ख़िलाड़ी “रॉस टेलर” ने इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है?**

**Right Ans : न्यूजीलैंड**

Date : (January 2, 2022)

**Details :** हाल ही में, न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर (Ross Taylor) ने इंटरनेशनल क्रिकेट से सन्यास लेने की घोषणा की है। जानकारी के लिए बता दे की इस कीवी खिलाड़ी ने अपने इंटरनेशनल करियर में कुल 445 मैच खेले, जिसमें कुल 40 शतक जमाए। टेलर ने अब तक ...Read More

**Q.11 : हाल ही में, किसे हिंदी भाषा के लिए वर्ष 2021 का साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला है?**

**Right Ans : दया प्रकाश सिन्हा**

Date : (January 2, 2022)

**Details :** हाल ही में, साहित्य अकादमी ने प्रतिष्ठित साहित्य अकादमी पुरस्कार (Sahitya Akademi Award 2021), साहित्य अकादमी युवा पुरस्कार और बाल साहित्य पुरस्कार की घोषणा की है। साहित्य अकादमी पुरस्कार में हिंदी के लिए दया प्रकाश सिन्हा को उनके नाटक 'सम्राट अशोक' और अंग्रेज़ी के लिए नमिता गोखले को उनके उपन्यास ...Read More

**Q.12 : हाल ही में, किस देश ने दुनिया की पहली Dual Mode Vehicle Service शुरू की है?**

**Right Ans : जापान**

Date : (January 2, 2022)

**Details :** हाल ही में, जापान में दुनिया की पहली Dual Mode Vehicle Service शुरू हुई है। जिसमे एक बस को ट्रेन की पटरियों पर भी दौड़ते देखा जा सकेगा। यह Dual Mode Vehicle एक मिनीबस की तरह दिखती है और सड़क पर सामान्य रबर के टायरों पर चलती है। वहीं जब ...Read More

EduRelation

**Q.13 : हाल ही में, किस बीमारी के कारण बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता 'विजय गलानी' का निधन हुआ है?**

**Right Ans : कैंसर**

Date : (January 2, 2022)

**Details :** हाल ही में, बॉलीवुड के प्रसिद्ध फिल्म निर्माता 'विजय गलानी (Vijay Galani)' का निधन कैंसर बीमारी के कारण निधन हुआ है। पाठकों को बता दे की फ़िल्मी दुनिया में गलानी ने सलमान खान, अक्षय कुमार, बॉबी देओल और गोविंदा जैसे अभिनेताओं के साथ करीब आधा दर्जन फिल्में बनाई है। वह ...Read More

**Q.14 : हाल ही में, उत्तरप्रदेश सरकार ने "झांसी रेलवे स्टेशन" का नाम बदलकर .... रखा है?**

**Right Ans : वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन**

Date : (January 2, 2022)

**Details :** हाल ही में, उत्तरप्रदेश सरकार ने झांसी रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर वीरांगना लक्ष्मी बाई रेलवे स्टेशन (Virangana Lakshmibai Railway Station) कर दिया है। जानकारी के लिए बता दें कि अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह करने वाली झांसी की रानी लक्ष्मीबाई 18 जून, 1858 को ग्वालियर में ब्रिटिश सेना से युद्ध ...Read More

EduRelation

**Q.15 : हाल ही में, 'दुर्गा शंकर मिश्रा' किस राज्य के नए मुख्य सचिव बने है?**

**Right Ans : उत्तरप्रदेश**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, उत्तर प्रदेश राज्य में एक प्रशासनिक फेरबदल किया गया है। यहाँ मुख्य सचिव आरके तिवारी (RK Tiwari) को हटाकर यह जिम्मेदारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय में सचिव पद पर तैनात दुर्गा शंकर मिश्रा (Durga Shanker Mishra) को सौंपी गई है। जानकारी के लिए ...Read More

**Q.16 : कौन व्यक्ति हाल ही में, पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के नए MD & CEO बने है?**

**Right Ans : अतुल गोयल**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, अतुल कुमार गोयल (Atul Kumar Goel) को पंजाब नेशनल बैंक (PNB) के नए MD & CEO के रूप में नियुक्त किया गया है। पाठकों को बता दे की गोयल यहाँ "मल्लिकार्जुन राव" की जगह लेंगे जो अभी एमडी और सीईओ दोनों पदों पर कार्यरत हैं। गोयल का ...Read More

**Q.17 : हाल ही में, PETA इंडिया ने किसे Person of The Year 2021 के रूप में चुना है?**

**Right Ans : आलिया भट्ट**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, बॉलीवुड अभिनेत्री अलिया भट्ट (Alia Bhatt) को जानवरों के अनुकूल फैशन उद्योग के समर्थन में काम करने के लिए पीपल फॉर द एथिकल ट्रीटमेंट ऑफ एनिमल्स (PETA) का 2021 पर्सन ऑफ द ईयर (PETA India Person of The Year 2021) नामित किया गया है। बता दे की ...Read More

**Q.18 : हाल ही में, जारी वर्ष 2021 के सुशासन सूचकांक में किस राज्य को शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ है?**

**Right Ans : गुजरात**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, केंद्र सरकार द्वारा जारी वर्ष 2021 के सुशासन सूचकांक (Good Governance Index 2021) में गुजरात को शीर्ष स्थान मिला है। वहीं दुसरे स्थान पर महाराष्ट्र और तीसरे स्थान पर गोवा है। यहाँ गुजरात ने आर्थिक प्रशासन, मानव संसाधन

विकास, सार्वजनिक अवसंरचना और सुविधाएं, समाज कल्याण और विकास, ...Read More

**Q.19 : हाल ही में, किस देश के पूर्व क्रिकेटर “रे इलिंगवर्थ” का 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ है?**

**Right Ans : इंग्लैंड**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी रे इलिंगवर्थ (Ray Illingworth) 89 वर्ष की उम्र में निधन हुआ है। इलिंगवर्थ ने 19 साल की उम्र में प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया। और इसके बाद उन्होंने 33 सालों के करियर में 787 प्रथम श्रेणी मुकाबले खेले और इस ...Read More

**Q.20 : हाल ही में, जारी नीति आयोग के वर्ष 2021 के स्वास्थ्य सूचकांक में किस राज्य को शीर्ष स्थान मिला है?**

EduRelation

**Right Ans : केरल**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, जारी नीति आयोग के वर्ष 2021 के स्वास्थ्य सूचकांक (NITI Aayog Health Index 2021) में केरल राज्य को देशभर में शीर्ष स्थान मिला है। वहीं उत्तर प्रदेश इस सूची में सबसे नीचे है। इसके अलावा तमिलनाडु दूसरे और तेलंगाना तीसरे स्थान पर हैं। और छोटे राज्यों में ...Read More

**Q.21 : हाल ही में, किस देश ने स्थानीय लोगों से शादी के लिए विदेशियों को रक्षा मंत्रालय से मंजूरी लेना अनिवार्य किया है?**

**Right Ans : श्रीलंका**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, श्रीलंका ने देश के सुरक्षा कारणों के चलते, स्थानीय लोगों से शादी करने के इच्छुक विदेशियों के लिए रक्षा मंत्रालय से मंजूरी लेना अनिवार्य कर दिया है। पाठकों को बता दे की यह नया कानून 01 जनवरी 2022 से आनिवार्य हो जाएगा। ये सुरक्षा संबंधी अनापत्ति पत्र ...Read More


**Q.22 : कौन व्यक्ति हाल ही में, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने है?**

**Right Ans : विक्रम मिसरी**

Date : (January 1, 2022)

**Details :** हाल ही में, विक्रम मिसरी (Vikram Misri) को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (Deputy National Security Advisor) नियुक्त किया गया है। पाठकों को बता दे की मिसरी विदेश सेवा के एक अधिकारी हैं। इससे पहले वह चीन में भारत के राजदूत के रूप में कार्यरत थे ...Read More

EduRelation



## Visit Our Website

## &

## Download our Android App

## &

## Subscribe Youtube Channel

EduRelation